# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं
## सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश
E-mail : idspssu@mp.gov.in,
Phone : 0755-4094192


**क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 / 352** **भोपाल, दिनांक 31 / 03 / 2020**

**प्रति,**

**समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।**

**विषय :– कोविड–19 संक्रमण से उत्पन्न हुई स्थिति के नियंत्रण हेतु माननीय मुख्य मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में।**

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि, नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) बीमारी की तैयारी के संबंध में दिनांक 29.03.2020 को माननीय मुख्य मंत्री द्वारा समस्त जिलों की समीक्षा की गई। उनके द्वारा निर्देशित किया गया है कि, प्रतिदिन स्वास्थ्य बुलेटिन नियमित रूप से जारी किया जाये। इस बुलेटिन में कोविड–19 से संबंधित समस्त अद्यतन जानकारी संकलित की जाये। स्थानीय मुद्दो व गतिविधियों के विषय में उल्लेख किया जाये। समुदाय को घरो में रूकने हेतु प्रोत्साहित किया जाये। कोविड–19 के संक्रमण के प्रसार की गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जन समुदाय को चिकित्सालयों में जाकर उपचार प्राप्त किये जाने के स्थान पर कॉल सेंटर के नंबर 104 तथा टेली कंसलटेशन से सलाह प्राप्त किये जाने हेतु जागरूक किया जाये। आवश्यकतानुसार जिले में गठित मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आवश्यक औषधियॉ वितरित की जाये।

उपरोक्तानुसार प्रतिदिन जिले से जारी किये गये स्वास्थ्य बुलेटिन की प्रति, होम कोरेंटाइन में व्यक्तियों की संख्या, 104 में प्राप्त हुए कॉल की संख्या तथा प्रमुख विषय, टेली कंसलटेशन की सुविधा का लाभ उठाने वाले हितग्राहियो की संख्या तथा स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा लोगों को पहुचाई गई औषधियों की जानकारी नियमित रूप से राज्य स्तर सायंकाल 5 बजे तक E-mail : idspssu@mp.gov.in पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। राज्य द्वारा जारी किये गये बुलेटिन की प्रति उदाहरणार्थ संलग्न है।

संलग्नः राज्य बुलेटिन की प्रति

31/03/2020

**(प्रतीक हजेला)**
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

**पृ.क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 /** **भोपाल, दिनांक......................**

**प्रतिलिपिः–**

1. मुख्य सचिव महोदय के उपसचिव, मध्यप्रदेश।
2. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश।
3. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश।
4. समस्त संभागायुक्त, म.प्र.।
5. मिशन संचालक, एन.एच.एम, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।

6. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र।
7. कोविड–19 कंट्रोल रूम, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं म.प्र.।
8. समस्त क्षेत्रीय संचालक, संभागीय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.।
9. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी म.प्र.।
10. समस्त, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, म.प्र.।
11. समस्त जिला सर्विलेन्स अधिकारी/जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट/जिला डाटा मेनेजर (आई.डी.एस.पी.), म.प्र, उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त कर प्रेषित करें। आई.डी.एस.पी. मेल आई–डीः– E-mail : idspssu@mp.gov.in

आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

**संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं**
**राज्य सर्विलेंस इकाई, भोपाल, मध्यप्रदेश**
**नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) मीडिया बुलेटिन दिनांक 29.03.2020**

वर्तमान में नोवल कोरोना वायरस बीमारी के प्रकरण विश्व के 201 देशों में दर्ज किये गये है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार आज दिनांक 29.03.2020 को पूरे विश्व में 5,71,678 प्रकरण दर्ज किये गये है, जिनमें 26,494 की मृत्यु हुई है। भारत में भी अब तक 867 नोवल कोरोना वायरस बीमारी के प्रकरण एवं 25 मृत्यु दर्ज की गयी। मध्यप्रदेश में COVID-19 की स्थिति निम्नानुसार है :–

| | दिनांक 29 मार्च 2020 | क्युमेलेटिव |
|---|---|---|
| नये यात्री जिन्हे आब्जर्वेशन में रखा गया है | 328 | 2019 |
| यात्री जिनके द्वारा 28 दिन का क्वारेंटाईन पूर्ण किया गया है | 98 | 610 |
| यात्री जो भारत से बाहर चले गये | 00 | 20 |
| यात्री जिन्हे अस्पताल में आईसोलेशन में रखा गया है। | 45 | 140 |
| जिन्हे घर पर आईसोलेशन में रखा गया है। | 1266 | 1311 |
| लिए गए नमुनों की कुल संख्या | 142 | 604 |
| निगेटिव पाये गये नमुनों की कुल संख्या | 85 | **454** |

**जिलेवार पॉजिटिव प्रकरणों की जानकारी**

| स.क. | जिला | पॉजिटिव | मृत्यु |
|---|---|---|---|
| 1 | भोपाल | 3 | |
| 2 | ग्वालियर | 2 | |
| 3 | इंदौर | 20 | 1 |
| 4 | जबलपुर | 8 | |
| 5 | शिवपुरी | 2 | |
| 6 | उज्जैन | 4 | 1 |
| | **योग** | **39** | **2** |

- अब तक कुल **10,618** यात्रियों की जानकारी स्टेट पोर्टल पर सर्विलेंस हेतु अपलोड की गई है (http://mphealthresponse.nhmmp.gov.in/covid/) प्रभावित देशों से आने वाले नए संभावित प्रकरणों को निरंतर दर्ज कर सर्विलेंस एवं आईसोलेशन में रखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक आनलाईन गुगल स्प्रेड शीट का निर्माण किया गया है, जिससे सभी जिलों द्वारा किये जा रहे कार्य की आनलाईन मॉनिटरिंग की जा सके। पॉजिटिव पाये गये व्यक्ति के 3 कि.मी के परधि में Containment plan के निर्देशानुसार प्रत्येक परिवार को होम विजिट किया जा रहा है, इस कार्य हेतु सभी विभाग जैसे– नगरीय निकाय पंचायत, स्वास्थ्य, मेडिकल कॉलेज एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों की सहायता ली जा रही है।

निरंतर.....

- जिला स्तर पर कोन्टेक्ट ट्रेसिंग, सर्विलेंस एवं संभावित मरीजों की खोज किये जाने हेतु विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की संख्या बढ़ाए जा रही है।
- होम क्वारेंटाईन में रखें गये संभावित मरीज की निगरानी किये जाने हेतु मेप आई.टी. द्वारा से सार्थक ऐप लॉच किया गया है।
- प्रशासन द्वारा रेड क्रोस सोसाईटी, रेड क्रोस अस्पताल एवं रेड क्रोस स्वयं सेवकों का योगदान बीमारी से उपचार एवं बचाव के कार्य में लिया जा रहा है।
- राज्य स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के 6 वर्टिकल समूह बनाए गये है, जो लगातार इस दिशा में कार्य कर रहें है।
- चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों को इंटरशीप किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है, जिससे चिकित्सालयों में आंशिक रूप से चिकित्सकों की पूर्ति संभव हो सके।
- भोपाल मेमोरियल अनुसंधान केन्द्र को जिला प्रशासन को सौंपा गया है, जिससे आवश्यकता होने पर अस्पताल का उपयोग मरीजों के उपचार हेतु किया जा सके।
- प्रदेश में सोशल डिस्टेसिंग के मापदण्डों का पालन करते हुए आवश्यक सेवाओं को बिना बाधाओं के जारी रखा जाना सुनिश्चित किया गया है।
- कोरोना के अलावा अन्य बीमारी के मरीजों तथा सामान्य सर्दी–खांसी के मरीजों को टेलीमेडिसीन के द्वारा डॉक्टरी सलाह दिला जाने की व्यवस्था की गई है। नोवल कोरोना वायरस बीमारी की जानकारी व मार्गदर्शन हेतु राज्य स्तर पर कॉल सेंटर 104 स्थापित किये गया है, आज दिनांक तक 10703 काल प्राप्त हो चुके है

| | |
|---|---|
| **Status of Patients** | 33-Stable & 2-Critical |
| **No. of Isolation beds available** | 3574 |
| **No. of PPE kits & N-95 Mask** | PPE kits-12458 & N-95 Mask-27,755 |
| **No. of labs & Testing Kits** | Labs-5 & 5000-Testing kits |

(प्रतीक हजेला)
वि.क.अ. सह स्वास्थ्य आयुक्त
मध्यप्रदेश